## एक नजर

### लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

**भोपाल,(निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने भारत रत्न, स?वर कोकिला, मध्यप्रदेश की बेटी, लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि श्रद्धेय लता जी की अद्वितीय संगीत साधना ने फिल्म जगत को समृद्ध किया, साथ ही उन्होंने विश्व में असंख्य प्रशंसकों को गीत-संगीत से आनंदित किया। उन्होंने कहा कि लता जी अपनी मधुर आवाज से हमारे बीच सदैव उपस्थित रहेंगी।

### मंत्री वर्मा के बयान पर भड़की कांग्रेस

भोपाल,(निप्र)। मध्यप्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के लाड़ली बहना योजना से जुड़े एक बयान के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बीच कांग्रेस ने मंत्री से सार्वजनिक तौर पर माफी मंगवाए जाने की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस बयान के संदर्भ में कहा, 'भाजपा के मंत्री कह रहे हैं कि हम लाड़ली बहना को 1500 रुपये दे रहे हैं, और यदि वे भाजपा के कार्यक्रम में नहीं आईं, तो उनका नाम काट दिया जाएगा। सत्ता के अहंकार में चूर भाजपा सरकार के मंत्रियों को लगता है कि यह पैसा उनकी जेब से दिया जा रहा है।' विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी श्री वर्मा से माफी की मांग करते हुए कहा, 'लाड़ली बहनों के स्वाभिमान पर चोट करना अब भाजपा नेताओं की कार्यशैली बनती जा रही है। मंत्री करण वर्मा द्वारा लाड़ली बहनों को मंच पर बुलाने की बात कहना और न आने पर ₹नाम काटने₹ जैसी धमकी देना केवल एक गैर-जिम्मेदार बयान नहीं, बल्कि सत्ता के दुरुपयोग और महिला-विरोधी मानसिकता का खुला प्रमाण है।

### सीजेआई सूर्यकांत का पहला मप्र दौरा ,आज भोपाल आएंगे 25 हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस

भोपाल,(निप्र)। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत और देशभर के 25 हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस भोपाल आ रहे हैं। ये सभी माननीय नेशनल ज्यूडिशियल एकेडमी में 7 फरवरी को आयोजित हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस केनेशनल वर्कशॉप में हिस्सा लेंगे। यह वर्कशॉप यहां दो दिन 7-8 फरवरी चलेगी। दो दिवसीय इस सम्मेलन की थीम 'एकीकृत, कुशल और जन-केंद्रित न्यायपालिका है। इसी विषय पर सीजेआई सूर्यकांत देशभर के जस्टिस को संबोधित करेंगे और हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के साथ न्याय व्यवस्था को आम लोगों के लिए अधिक सुलभ और प्रभावी बनाने को लेकर मंथन करेंगे। सीजेआई बनने के बाद जस्टिस सूर्यकांत का यह मध्यप्रदेश का पहला दौरा है। लंबे समय बाद एक साथ इतने बड़े स्तर पर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस भोपाल में आ रहे हैं। जिससे इस सम्मेलन को विशेष महत्व मिल गया है। वर्कशॉप में न्याय वितरण प्रणाली को तेज, किफायती और उच्च गुणवत्ता वाला बनाने से जुड़े मसलों पर विस्तार से चर्चा होगी। नेशनल ज्यूडिशियल एकेडमी की ओर से इसे वर्ष 2026 का सबसे महत्वपूर्ण ज्यूडिशियल कॉन्फ्रेंस माना जा रहा है। इस आयोजन में सुप्रीम कोर्ट के कई जज, मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा, जबलपुर, इंदौर और ग्वालियर बेंच के जजों के साथ बड़ी संख्या में जस्टिस भी शामिल होंगे।

### अवैध सागौन के साथ जप्त

**आष्टा,(निप्र)।** अवैध सागौन के परिवहन की रोकथाम के लिये



वन विभाग के सक्रिय मुखबिर तंत्र की मद्द से विभाग को एक और सफलता हाथ लगी, मुखबिर से सूचना के आधार पर वनरक्षक जितेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा ग्राम पांगरी जोड़ पर रात्रि के समय एक मोटरसायकिल को अवैध सागौन के साथ जप्त कि या गया। रेंजर नवीन झा द्वारा बताया गया कि जप्त एक मोटरसायकिल एवं सागौन इमरती 20 नग 0.156 घ.मी. की अनुमानित कीमत 33 हजार आंकी गयी है। अज्ञात आरोपी के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 42708/05 दिनांक 06.02.2026 जारी किया गया।



### ज्वेलरी की खरीदी पर  ड्रा खुला

**आष्टा,(निप्र)।** आष्टा नगर की सुप्रसिद्ध ज्वेलर्स दुकान जयश्री ज्वेलर्स पर कृष्णा डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी की 25 हजार की खरीदी पर इनामी कूपन रखे गए थे । समय सीमा के पश्चात आज जयश्री ज्वेलर्स पर ड्रा खोला गया । ग्राहकों की उपस्थिति में खोले गए ड्रा में आज प्रथम पुरस्कार के रूप में रखी गई कार शाजापुर के गायत्री जनरल स्टोर के अनिल पाटीदार को खुली ।  25 हजार की खरीदी पर पांच ग्राहकों के लिए स्कूटी भी रखी गई थी । जिसमें दो स्कूटी पूर्व में संतोष राठौर आष्टा एवं दिनेश वर्मा रनायल  के नाम खुल चुकी थी । आज तीन स्कूटी का भी ड्रॉ खोला गया । जो गोविंद साहू,मोहसिन खान ,एलिजा खान को खुली । जयश्री ज्वेलर्स के संचालक जितेंद्र सोनी दादा, महेश सोनी एवं शुभांश सोनी ने सभी विजेताओं को ड्रा में खुले इनामो की सूचना दी तथा उन्हें बधाई दी । जयश्री ज्वेलर्स के संचालक जितेंद्र महेश सोनी ने उन सभी ग्राहकों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने कृष्णा डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी की 25 हजार की खरीदी पर कूपन की जो स्कीम शुरू की थी उसमें उन्होंने भाग लिया ओर इस इनामी कूपन स्कीम को सफल बनाया ।

# मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना-शिवरात्रि से पहले मिलेगी 14 वीं किस्त

## किसानों को मिल सकती है बड़ी सौगात




**भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश के 81 लाख किसानों को लंबे इंतजार के बाद जल्द मिलने वाली आर्थिक राहत की उम्मीद और तेज हो गई है। सरकार की तैयारी लगभग पूर्ण बताई जा रही है और संभावना है कि महाशिवरात्रि से पहले किस्त जारी हो सकती है।**

मध्य प्रदेश के लाखों किसान बीते तीन महीनों से मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की 14वीं किस्त का इंतजार कर रहे हैं। नवंबर में पीएम किसान की पिछली किस्त मिलने के बाद सभी की निगाहें राज्य सरकार की इस योजना पर टिक गई थीं। हालांकि, इस बार प्रक्रिया अपेक्षाकृत धीमी रही, जिससे किसानों में असमंजस का माहौल भी बना। अब अधिकारियों के हवाले से प्राप्त ताजा सूचनाओं ने आशा जगाई है कि 15 फरवरी से पहले राशि वितरण का कार्यक्रम संपन्न कराया जा सकता है। प्रशासनिक स्तर पर फाइलों की जांच, सत्यापन और पेमेंट प्रक्रिया लगभग पूरी मानी जा रही है, जिससे संकेत मिलता है कि घोषणा किसी भी दिन संभव है।

15 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व है और सरकार चाहती है कि त्योहार से पहले किसानों को आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाए। इस समय रबी सीजन भी अपने निर्णायक पड़ाव पर है, ऐसे में नकद सहायता किसानों के लिए सीधे राहत का काम करेगी। शिवरात्रि जैसे बड़े पर्व से पहले किसानों के खातों में दो हजार रुपये की राशि पहुँचना एक सकारात्मक संकेत होगा, जो सरकार और किसानों के बीच भरोसे को और मजबूत करेगा। फरवरी किसानों के लिए सिर्फ एक किस्त का महीना नहीं, बल्कि संभावनाओं से भरा समय साबित हो सकता है। पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त भी इसी महीने आने की संभावना जताई जा रही है। यदि इसमें देरी नहीं होती और मध्य प्रदेश सरकार भी सीएम किसान कल्याण योजना की 14वीं किस्त फरवरी के मध्य तक जारी कर देती है तो किसानों को कुल चार हजार रुपये प्राप्त होंगे। यह राशि खेती से जुड़े खर्च, खाद-बीज की जरूरतों और घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगी। इस दोहरी किस्त के मिलने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी नई गति आ सकती है।

पिछली बार पीएम किसान योजना का लाभ मिलने के तुरंत बाद सीएम किसान कल्याण योजना की किस्त भी जारी कर दी गई थी, परंतु इस बार देरी के कारण किसानों में कई तरह की अटकलें थीं। हालांकि, प्राप्त सूचनाओं के अनुसार यह देरी किसी नीति परिवर्तन या फंडिंग समस्या के कारण नहीं, बल्कि प्रशासनिक और तकनीकी प्रक्रियाओं के कारण हुई। किसानों की पात्रता की दोबारा जाँच, बैंक खातों का पुनः सत्यापन और बजट-पूर्व प्रक्रियाओं ने समय लिया, जिसकी वजह से भुगतान शेड्यूल प्रभावित हुआ।

### बजट से पहले किसानों के प्रति प्रतिबद्धता

18 फरवरी को मध्य प्रदेश का बजट पेश होना है और इससे पहले किसानों को राहत राशि उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता मानी जा रही है। यह कदम न केवल राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा, बल्कि कृषि प्रधान राज्य में किसानों की स्थिरता और विश्वास बनाए रखने के लिए भी आवश्यक है। कृषि क्षेत्र किसी भी राज्य की आर्थिक संरचना की रीढ़ होता है और समय पर सहायता प्रदान करना सरकार की प्रतिबद्धता का संकेत है। राज्य सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के अंतर्गत योजनाओं के निरंतर कार्यान्वयन पर जोर दे रही है, और इसी क्रम में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की आगामी किस्त की प्रतीक्षा अब अंत के करीब मानी जा रही है।

# घूसखोर पंडित का विरोध,सड़क पर उतरा ब्राह्मण समाज

भोपाल,(निप्र)। मध्यप्रदेश में अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज ने फिल्म ह्यघूसखोर पंडित  के शीर्षक और कथित ब्राह्मण समाज विरोधी संवादों पर कड़ा ऐतराज जताया है। संगठन ने इस फिल्म पर टोटल बैन लगाने की मांग की है। साथ ही फिल्म के निर्देशक, निमार्ता और कलाकारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।




अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पंडित पुष्पेंद्र मिश्र ने कहा कि एक ब्राह्मण होकर ब्राह्मण समाज को ही भ्रष्ट और घूसखोर दिखाना न केवल दुखद है, बल्कि शर्मनाक है। उनका कहना है कि, अभिनेता मनोज बाजपेयी की आने वाली फिल्म घूसखोर पंडित समाज को बदनाम करने की पहले से चल रही कोशिशों को और मजबूत करती है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि, क्या भ्रष्टाचार सिर्फ ब्राह्मण समाज में ही है? क्या बाकी जातियां दूध की धुली हैं? पंडित पुष्पेंद्र मिश्र ने कहा कि पैसा और लोकप्रियता के लिए अपनी ही जाति को नीचा दिखाना दिवालियापन का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि जिस समाज ने किसी व्यक्ति को पहचान दी हो, उसी समाज को कटघरे में खड़ा करना अवसरवाद की पराकाष्ठा है। उन्होंने यह भी कहा कि ब्राह्मण समाज सदियों से ज्ञान, त्याग और राष्ट्र निर्माण का प्रतीक बना है और सिनेमा के माध्यम से समाज को गाली देना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### कलियासेत और केरवा डैम में भर रही मिट्टी

भोपाल,(निप्र)। भोपाल के कलियासोत और केरवा डैम क्षेत्र में अवैध मिट्टी भराव और ठोस अपशिष्ट डंपिंग के गंभीर मामले में एनजीटी ने अहम आदेश पारित किया है। याचिकाकर्ता ने याचिका में बताया गया था कि भोपाल के महुआखेड़ा क्षेत्र में स्थित केरवा डैम, जो कलियासोत का हिस्सा है। उसके फुल टैंक लेवल और आसपास के क्षेत्र में 2000 से अधिक डंपरों के माध्यम से कोपरा, मुर्रम एवं काली मिट्टी डाली गई। इस भराव का उद्देश्य जलाशय और उसके कैचमेंट क्षेत्र को समतल कर भविष्य में प्लॉटिंग और निर्माण गतिविधियाँ करना बताया गया। यह गतिविधियां वेटलैंड (संरक्षण एवं प्रबंधन) नियम, 2017, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 तथा जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के प्रत्यक्ष उल्लंघन के रूप में सामने आईं। मामले की गंभीरता को देखते हुए एनजीटी ने एक संयुक्त समिति का गठन किया, जिसमें जिला कलेक्टर, जल संसाधन विभाग, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा राज्य वेटलैंड प्राधिकरण के प्रतिनिधि शामिल थे। समिति द्वारा स्थल निरीक्षण के दौरान यह महत्वपूर्ण तथ्य सामने आया कि केरवा



### विकसित भारत बजट 2026 पर महिला संवाद

**भोपाल,(निप्र)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा केंद्रीय बजट 2026-27 के प्रचार अभियान के तहत शुक्रवार को रायसेन रोड स्थित एलएनसीटी में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भोपाल जिले की हजारों मातृशक्ति ने सहभागिता कर विकसित भारत बजट 2026-27 एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन कर माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि बल्कि यह नई दिशा में देश को अग्रसर करेगा। प्रधानमंत्री मोदी जी ने महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है और इस बजट में ऐतिहासिक प्रावधान किए गए हैं। जिनसे महिलाएं आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से सशक्त होंगी। भोपाल भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र यति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की नारी शक्ति आज केवल योजनाओं की लाभार्थी नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की सशक्त भागीदार बन चुकी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियाँ महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने पर केंद्रित हैं।

### अवैध निर्माण तोड़ने का मामला

# हाईकोर्ट से नगर निगम आयुक्त को राहत

### डिवीजन बेंच में नगर निगम की अपील

**भोपाल,(निप्र)।** भोपाल नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें उन्हें अवमानना का दोषी माना गया था। मामला अवैध निर्माण तोड़ने से जुड़ा है। अब केस की अगली सुनवाई 18 फरवरी को होगी।

भोपाल नगर निगम की आयुक्त संस्कृति जैन को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने उस सिंगल बेंच के आदेश पर रोक लगा दी है। जिसमें उन्हें अदालत की अवमानना (कंटेम्प्ट ऑफ कोर्ट) का दोषी ठहराया गया था। यह मामला भोपाल में अवैध निर्माण गिराने से जुड़ा है। इससे पहले जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने नगर निगम को दोषी मानते हुए कहा था कि निगम ने सुप्रीम कोर्ट की तय गाइडलाइन का पालन नहीं किया, जो कानून के शासन के खिलाफ है। यह आदेश हाईकोर्ट की जबलपुर खंडपीठ ने मार्लिन बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड बनाम नगर निगम भोपाल मामले में दिया था। सिंगल बेंच ने आयुक्त संस्कृति जैन को दोषी मानते हुए 6 फरवरी 2026 को सजा पर सुनवाई तय की थी। भोपाल नगर निगम ने सिंगल बेंच के आदेश को चुनौती देते हुए डिवीजन बेंच में अपील की। शुक्रवार को हुई सुनवाई में डिवीजन बेंच ने सभी पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 18 फरवरी को होगी।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम शब्बीर हुसैन (Shabbir Husain) था। किंतु अब मैंने अपना नाम परिवर्तित कर मुल्ला शब्बीर सेवलवाला **(Mulla Shabbir Sewalwala)** रख लिया है । भविष्य में अब मैं मेरे इसी नए नाम से जाना/ पहचाना जाऊंगा।

**ADDRESS : House no.8 Ward No 24 Choti Yakub Ki Haweli Chandrakala Burhanpur, Madhya Pradesh**

**PORWAL AUTO COMPONENTS LTD**

CIN: L29300MP1992PLC006912
Regd. Office: Plot No. 209, Sector 1, Industrial Area, Pithampur, Dist. Dhar, MP 454775 India. Tel No. 07292 - 403608,
E-mail: admin@porwalauto.com, website: www.porwalauto.com

(₹In Lakhs except EPS)

| Particulars | Standalone | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Quarter ended | | | Nine Month ended | | Year Ended |
| | 31.12.25 (Unaudited) | 30.09.25 (Unaudited) | 31.12.24 (Unaudited) | 31.12.25 (Unaudited) | 31.12.24 (Unaudited) | 31.03.25 (Audited) |
| Total Income From Operations | 4575.53 | 3460.07 | 3314.83 | 11399.81 | 10142.52 | 14067.40 |
| Net Profit / (Loss) for the period (Before Tax Exceptional and/or Extraordinary items) | 832.77 | 168.46 | -140.57 | 1195.13 | -200.88 | 19.32 |
| Net Profit/ (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 832.77 | 168.46 | -140.57 | 1195.13 | -200.88 | 19.32 |
| Net Profit/ (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 832.77 | 168.46 | -140.57 | 1195.13 | -200.88 | 16.09 |
| Equity Share Capital | 1510 | 1510 | 1510 | 1510 | 1510 | 1510 |
| Reserves (Excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| Earnings Per Share (not annualized) – in Rupees (after extraordinary items) (of Rs. 10/- each) | | | | | | |
| (a) Basic : | 5.52 | 1.12 | -0.93 | 7.91 | -1.33 | 0.11 |
| (b) Diluted : | 5.52 | 1.12 | -0.93 | 7.91 | -1.33 | 0.11 |

Notes:
1. The above financial results have been reviewed by Audit Committee and subsequently approved by the Board of Directors at its meeting held on 6th February, 2026.
2. Figures for the corresponding periods have been regrouped/ rearranged wherever necessary to make them comparable.
3. The above is an extract of the detailed format of Unaudited Quarterly Financial results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The Full format of the Unaudited Quarterly Financial results is available on the stock exchange website (www.bseindia.com) and on company's website (www.porwalauto.com)

For, PORWAL AUTO COMPONENTLTD
SD/- MUKESH JAIN
WHOLE TIME DIRECTOR
DIN: 00245111

Place: PITHAMPUR
Date: 6th February, 2026

Kriti® COOKING OIL

**Kriti Nutrients Ltd.**

CIN No : L24132MP1996PLC011245
Regd. Office: Mehta Chambers, 34, Siyaganj, Indore-452 007 (M.P.)
Phone: 0731-2719100 / 26 E-mail: cs@kritiindia.com; Website: www.kritinutrients.com

Kriti Group

**Unaudited Financial Results for the Quarter and Half Year Ended 31st December, 2025**

₹ in Lacs (Except Earnings Per Share)

| Sr. No. | Particulars | STANDALONE | | | CONSOLIDATED | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | 9 Months Ended | Quarter Ended | Quarter Ended | 9 Months Ended | Quarter Ended |
| | | 31.12.2025 | 31.12.2025 | 31.12.2024 | 31.12.2025 | 31.12.2025 | 31.12.2024 |
| | | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) |
| 1. | Total Income from Operations Sales / Income from Operations | 22,621.36 | 67,265.29 | 17,541.33 | 22,621.36 | 67,265.29 | 17,541.33 |
| 2. | Net Profit / (Loss) for the period (Before tax, exceptional and / or Extraordinary items) | 1,185.39 | 3,582.93 | 1,201.36 | 1,185.39 | 3,582.93 | 1,201.36 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period before tax (After exceptional and / or Extraordinary items) | 1,185.39 | 3,582.93 | 1,201.36 | 1,185.39 | 3,582.93 | 1,201.36 |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the period after tax (After exceptional and / or Extraordinary items) | 921.27 | 2,765.01 | 824.66 | 915.58 | 2,754.07 | 824.66 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the Period (Comprising Profit / (Loss) for the Period and Other Comprehensive Income (After Tax) Income (After Tax) | 929.20 | 2,762.80 | 824.55 | 924.76 | 2,753.21 | 824.55 |
| 6. | Equity Share Capital (Face value of ₹1 each) | 501.04 | 501.04 | 501.04 | 501.04 | 501.04 | 501.04 |
| 7. | Reserves (excluding Revenue Reserve) as shown in the audited balance sheet of the previous year | | 20,688.02 | | | 20,684.93 | |
| 8. | Earnings Per Share (of ₹ 1 each) (for continuing and discontinued operations) - (a) Basic : | 1.84 | 5.52 | 1.65 | 1.83 | 5.50 | 1.65 |
| | (b) Diluted : | 1.84 | 5.52 | 1.65 | 1.83 | 5.50 | 1.65 |

**Notes :**
1) The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the website of the Stock Exchange (**www.bseindia.com**) & (**www.nseindia.com**) and on company's website (**www.kritinutrients.com**)
2) The above results have been reviewed by the Audit Committee in it's meeting held on 4th February, 2026 and taken on record by the Board of Directors in its meeting held on 5th February, 2026.
3) The consolidated financial statements include result of Associate Company viz. Kriti Industries (India) Limited.

Place : **INDORE**
Date : **5th February, 2026**

For **Kriti Nutrients Ltd.**
Sd/-
**Shiv Singh Mehta**
(Chairman & Managing Director)
**DIN 00023523**

# कलेक्टर ने रंगई सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र का किया निरीक्षण

## कलेक्टर ने प्रशिक्षणार्थियों के जमीन में बैठ कर संवाद किए

विदिशा,(निप्र)। कलेक्टर  अंशुल गुप्ता ने  रंगई स्थित सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण कर यहां संचालित गतिविधियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विशेष रूप से कृषि रथ भ्रमण के माध्यम से किसानों को दी जा रही जानकारी और जागरूकता कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने प्रशिक्षण केंद्र में उपलब्ध संसाधनों, प्रशिक्षण मॉड्यूल, प्रदर्शन सामग्री और किसानों की सहभागिता के बारे में अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने देखा कि कृषि रथ के माध्यम से गांव-गांव जाकर किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, उन्नत बीज, फसल सुरक्षा उपाय, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, जैविक खेती एवं शासन की विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने



विभागों के अधिकारियों से कहा कि कृषि रथ किसानों तक सीधे पहुँचकर ज्ञान और तकनीक का प्रसार करने का एक प्रभावी माध्यम है। इससे किसान नई विधियों को समझकर उत्पादन बढ़ा सकते हैं और खेती की लागत घटा सकते हैं। उन्होंने मौजूद महिला और पुरुष कृषकों से कहा कि यहां जो जानकारियां दी जा रही उनका अपने खेतों में क्रियान्वयन कर नवाचारों से लाभान्वित होकर कृषि आमदनी में वृद्धि करें। उन्होंने परिणामोन्मुख की ओर अग्रसर होने की अपील की  ताकि किसान वास्तव में नई तकनीकों को अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकें। गौरतलब हो कि राज्य सरकार के निर्णय अनुसार वर्ष 2026 को  कृषि कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।  जिले के प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर एक-एक कृषि रथ का संचालन किया जाना है। जिसका उद्देश्य किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों के मध्य सीधा संपर्क स्थापित करना, कृषकों को नवीन तकनीक एवं नवाचार की जानकारी देना, खेती में आने वाली परेशानियों का निराकरण करना, नवीन एवं वैज्ञानिक तकनीक सुधार की जानकारी कृषकों तक पहुँचाना है। जायद, खरीफ एवं रबी फसलों की बुवाई के एक माह पूर्व प्रत्येक विकासखण्ड में कृषि रथ चलाकर एकीकृत रूप से योजनाओं एवं कृषि संबंधित गतिविधियों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।  कृषि रथ भ्रमण के दौरान आयोजित उक्त कार्यक्रम में कृषि विभाग के सहायक संचालक श्री महेन्द्र सिंह ठाकुर, कॉ-आपरेटिव बैंक के सीईओ विनय प्रकाश सिंह, पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग के डॉ बघेल, कृषि वैज्ञानिक सहित खण्ड स्तरीय अन्य अधिकारी मौजूद रहे।